**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.06.2025 / 11:00बजे**

**मुक्केबाजी**

राजधानी शिमला के रिज मैदान पर कल अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ द्वारा ये प्रतियोगिता **''नशा छोड़ो–खेल खेलो''** अभियान के तहत आयोजित की गई। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में खेल गतिविधियां अहम भूमिका निभा सकती हैं। राज्यपाल ने कहा कि 6 बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह की याद में इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाना उनके प्रति लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि है।

..........................................................

**प्रतियोगिता**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने नशे के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है जिसे युवाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। कल शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल प्रो–बाक्सिंग इंटरनेशनल चैंपियनशिप के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आने वाले समय में नशे के खिलाफ अभियान को और तेज करेगी तथा नशा माफिया के विरूद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

*माननीय वीरभद्र सिंह की स्मृति में ये आयोजन किया गया है। ऐसोसिएशन ने जिस तरह युवाओं में बाक्सिंग करवाने के इच्छुक हैं जिसके लिए सभी पार्टिसिपेंट उनको भी बहुत–बहुत शुभकामनाएं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने नशे के खिलाफ एक अभियान चलाया हुआ है और उसमें युवा वर्ग हमारा खुलकर साथ दे रहा है आने वाले समय में नशे के खिलाफ और तेज से हम अभियान चलाने जा रहे हैं और मैं युवाओं से अनुरोध करना चाहूंगा कि हमने स्पोर्टस की एक्टीविटी को बढ़ाने के लिए स्पोर्टस के ओरगेनम में वृद्धि की है। नेशनल स्तर पर जो खेलेंगे उन्हें हमने उनके स्कूल की अटेंडेंस में रिलेक्सेशन की पावर भी प्रिंसिपल को दे दी गई है।*

इस प्रतियोगिता में भारतीय मुक्केबाज यशपाल विजेता बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

..........................................................

**जयंती**

आज पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में उनकी याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस

कार्यकर्त्ता व नेता पुष्प अर्पित कर उनको याद करेंगे। वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का आज रिज मैदान पर अनावरण होना था लेकिन अब इसे कांग्रेस हाईकमान के आग्रह पर 15 जुलाई को टाल दिया गया है।

.............................................................

## शूलिनी मेला

सोलन में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय शूलिनी मेला कल संपन्न हो गया। मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्यातिथि शिकरत की। इस दौरान हिमाचली कलाकारों सहित बालीवुड गायकों ने भी अपनी गायकी से खूब समा बांधा और दर्शकों ने भी इस सांस्कृतिक संध्या का खूब लुत्फ उठाया। इस मेले में कई गतिविधियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी। शूलिनी मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा क्राफ्ट मेला भी लगाया गया। सोलन के अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने बताया कि मेले में विभिन्न खेल गतिविधियों सहित कुश्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल व कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी भी उपस्थित रहे।

.............................................................

## त्रिलोक कपूर

भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बताया कि आगामी 25 जून आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर पार्टी कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसके तहत 26 जून को शिमला में केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय मामले मंत्री किरण रिजिजू उपस्थित रहेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार धर्मशाला में 25 जून को केंद्रीय सहकारिता सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर विभिन्न कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए हैं। इस दौरान कार्यक्रम में पौधारोपण, काल्पनिक संसद का उद्घाटन और सेमिनार एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान शामिल है।

.............................................................

## योजनाएं

राज्य सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए बीते अढ़ाई वर्षों में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। इन्हीं योजनाओं और सरकार के साकारात्मक प्रयासों के परिणाम स्वरूप प्रदेश में लिंगानुपात में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार राज्य में वर्ष 2023 में लिंगानुपात की दर 9 सौ 47 थी जो वर्ष 2024 में बढ़कर 9 सौ 64 हो गई है। उन्होंने कहा कि यही सकारात्मक बदलाव दिखाता है कि समाज में लड़कियों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव हुआ है। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ–साथ आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है।